दिनांक : 09.11.25 समय : 07.10pm

# प्रादेशिक समाचार एकांश
## आकाशवाणी भोपाल
## सांध्यकाली समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह पर आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की दी सौगात।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बिहार के सीतामढ़ी स्थित पुनौरा धाम में किए माता जानकी के दर्शन।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल रहेंगे ओडिशा दौरे पर, किसानों की आय बढ़ाने और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के कार्यक्रमों में लेंगे भाग।
- मेघालय के बल्लेबाज़ आकाश कुमार चौधरी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार आठ गेंदों पर आठ छक्के जड़ कर रचा इतिहास।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री–उत्तराखंड**

उत्तराखंड आज अपने स्थापना दिवस का रजत जयंती समारोह मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में आठ हजार करोड रूपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया और आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत श्री मोदी ने 28 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 62 करोड से अधिक रूपये की वित्तीय सहायता राशि भी अंतरित की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की स्थापना की रजत जयंती पर उत्तराखंड के लोगों को बधाई दी।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु–अफ्रीका**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अफ्रीका के दो देशों की राजकीय यात्रा के पहले चरण में आज अंगोला पहुँचीं।लुआंडा में राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत किया गया और उन्हें सलामी गारद दी गई। उन्होंने अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंसो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।दोनों नेताओं ने कृषि, ऊर्जा, खनन, संचार और अवसंरचना सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

राष्ट्रपति ने अंगोला की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएँ दीं और उसे भारत की पहल वाले ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस तथा इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस में शामिल होने पर बधाई दी।

**मुख्यमंत्री–पुनौरा धाम, बिहार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बिहार के सीतामढ़ी स्थित पुनौरा धाम में माता जानकी के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा सीतामढ़ी में जनकपुरी धाम के निर्माण के लिए राशि मंजूर की गई है, जिससे यह क्षेत्र सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध होने के साथ–साथ रोजगार और धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा। डॉ. यादव ने कहा कि बिहार और मध्यप्रदेश का संबंध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से सदैव प्रगाढ़ रहा है। दोनों ही राज्यों में सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

**जीएसटी सुधार–सिक्किम**

इस वर्ष 22 सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई है। इसी कड़ी में आज हम बताएंगे कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार सिक्किम की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

नई जीएसटी सुधार सिक्किम के विकास और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आशा की किरण साबित हुए हैं। पर्यटन उद्योग इस राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है और लगभग 7 लाख 80 हजार नौकरियां इस पर निर्भर है। 7 हजार 500 रूपए प्रति रात्रि तक के होटल आवास पर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों के रहने और लंबे समय तक ठहरने को बढ़ावा मिल रहा है। सौंदर्य और स्वास्थ्य सेवाओं पर अब केवल 5 प्रतिशत कर लग रहा है जो पहले 18 प्रतिशत होता था इससे स्वास्थ्य पर्यटन और हर्बल थेरेपी उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। इसी तरह सिक्किम की टेमी चाय पर अब केवल 5 प्रतिशत कर लग रहा है जिससे छोटे चाय उत्पादकों को मदद मिल रही है और उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम चाय अधिक किफायती हो गई है। स्थानीय स्तर पर संस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियां, जूस, अचार अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत आते हैं जिससे इनकी कीमत पर 6 से 13þ तक की कमी आई है। दवाओं पर कर कटौती से राज्य के ऊपर से दवा उद्योग को भी मजबूती मिली है। सिक्किम के प्रमुख आर्थिक क्षेत्र पर टैक्स का दबाव कम करके नई जीएसटी सुधार राज्य की अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए कार्य कर रहे हैं और अधिक किफायती उत्पाद मजबूत निर्यात तथा बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं। दिल्ली से आकाशवाणी समाचार के लिए आदर्श।

**प्रधानमंत्री – बुद्ध अवशेष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के भूटान में श्रद्धापूर्ण स्वागत के लिए वहां के लोगों और नेताओं की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि ये अवशेष शांति, करुणा और सद्भाव के शाश्वत संदेश के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ भारत और भूटान की साझा आध्यात्मिक विरासत के बीच एक पवित्र कड़ी हैं।

**शिवराज – ओडिशा दौरा**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल ओडिशा के दौरे पर रहेंगे। राज्य में किसानों की आय बढ़ाने, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने से संबंधित प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि श्री चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मंडिया दिवस या बाजरा दिवस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भी शामिल होंगे। इस अवसर पर वे राज्य और देश के बाकी हिस्सों में बाजरे के उत्पादन, प्रसंस्करण और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार की पहलों के बारे में जानकारी दी।

**राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें प्रेरित करता है कि गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय सहज रूप से सुलभ हो। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में आज से 14 नवम्बर तक चलने वाले न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पन्ना, नर्मदापुरम, नीमच और अनूपपुर जिलों में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ मैराथन दौड़ के साथ हुआ। छिंदवाड़ा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**पहलगाम–नजाकत अली सम्मान**

अनूपपुर जिले के कोतमा नगर में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम के बेसरान घाटी में हुए आतंकी हमले के दौरान 11 लोगों की जान बचाने वाले नजाकत अली का सम्मान किया गया। कोतमा नगर पालिका अध्यक्ष ने शनिवार की रात नजाकत अली का नगर आगमन पर अभिनंदन किया। मूल रूप से चिरमिरी, छत्तीसगढ़ के रहने वाले नजाकत अली कश्मीर में गर्म कपड़ों के व्यवसाय से जुड़े हैं। वे पहलगाम क्षेत्र में मौजूद थे, जब घाटी में अचानक आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। नजाकत अली ने बिना समय गंवाए बच्चों और महिलाओं सहित सभी पर्यटकों को सुरक्षित छिपाया और उन्हें सुरक्षित होटल तक पहुँचाया।

**इलेक्ट्रिक बसें–प्रदेश**

केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रदेश के 8 नगर निगमों में 972 पीएम ई–बस सेवा को मंजूरी दी है। यह बसें शीघ्र संचालित हों, इसके लिये नगरीय निकायों द्वारा बस डिपो और चार्जिंग से जुड़े सभी

अधोसंरचना कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने जिन नगर निगमों में ई–बसों की मंजूरी दी है, इनमें भोपाल में 195, इंदौर में 270, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 200, उज्जैन में 100, सागर में 32, देवास में 55 और सतना में 20 ई–बसें शामिल हैं।

## क्रिकेट–रिकार्ड

मेघालय के युवा बल्लेबाज़ आकाश कुमार चौधरी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने मात्र 11 गेंदों में अर्धशतक बनाकर सबसे तेज़ फिफ्टी का नया रिकॉर्ड कायम किया है। आकाश ने लगातार आठ गेंदों पर आठ छक्के जड़ते हुए रोमांचक प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि के साथ उनका नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गया है। इससे पहले यह कारनामा केवल भारत के रवि शास्त्री और वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स ने किया था।

## मौसम

प्रदेश में नवंबर की शुरुआत में ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के असर से पूरा प्रदेश ठिठुर रहा है। राजगढ़ 7.4 डिग्री के साथ सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि भोपाल और रीवा में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। इंदौर में भी 25 साल बाद इतनी ठंड देखी गई है। मौसम विभाग ने भोपाल, सिहोर, राजगढ़, इंदौर, देवास, शाजापुर, आगर, रीवा, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, जबलपुर मे कहीं–कहीं शीत लहर चलने की चेतावनी जारी की है।

**समाचार संक्षेप में –**

- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत शिवपुरी जिले के 480 बुजुर्ग 26 नवम्बर को मां कामख्या धाम और 4 जनवरी को द्वारका–सोमनाथ के लिए रवाना होगे।
- पुलिस अधीक्षक की पहल पर पुलिस लाइन पन्ना में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।
- 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता के तीसरे दिन उज्जैन संभाग का दबदबा रहा। खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। नीमच की काजल सालवी ने प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक हासिल किया।
- रायसेन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–2025 की प्रक्रिया जारी।
- खंडवा कलेक्टर के निर्देश पर ममलेश्वर मंदिर परिसर के ऊपरी क्षेत्र में स्थित बंद पड़े शिव मंदिरों को खोला गया। एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा ने बताया कि मंदिरों की सफाई और धार्मिक स्थल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है।
- मैहर में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुकुंदपुर स्थित महाराजा मार्तंड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों से संवाद किया और पर्यटन विकास की जानकारी ली।

———————————